# अवैध शराब कारोबारी बच्चों का कर रहे इस्तेमाल

**जनधारा समाचार**

**बलौदाबाजार।** अवैध शराब कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे गांव गांव मे शराब तो पहुंचा ही रहे हैं जिला मुख्यालय को भी नहीं छोड़ रहे हैं और बेखौफ यहां अवैध शराब बेच रहे हैं। कोतवाली थाना सहित जिले के अधिकांश थाना प्रभारी काफी चुस्ती के साथ इन अवैध शराब कारोबारियो को पकड़ रहे हैं। ये अवैध कारोबारी बच्चों को भी नही छोड़ रहे है कोतवाली थानांतर्गत पुलिस चौकी करही बाजार मे एक ऐसा ही मामला सामने आया है जिसमें दो नाबालिग लड़कों को 50 पाव देशी शराब का परिवहन करते पकड़ा गया है । अब पुलिस असमंजस में है कि क्या करे । बालक के भविष्य और उसकी माली हालत को देखते कोतवाली टीआई ने उसे बाल संरक्षण विभाग के सामने पेश किया जहां बच्चों के भविष्य को देखते हुए भविष्य में इस तरह का कृत्य नही करने की समझाईश देते हुए उसकी मां को सौंपा गया है। पुलिस को बच्चो से शराब का परिवहन कराने तथा बेचने के लिए विवश करने वालो के विरूद्ध कडी कार्यवाही करने का निर्देश दिए हैं। वही एक अन्य मामले मे कोतवाली थाना प्रभारी द्वारा ग्राम सुढेली में देशी

महुआ शराब बेचते हुए दो युवको को गिरफ्तार किया गया है और उनसे 17 लीटर देशी हाथ से बना हुआ शराब बरामद किया गया है। यहां यह बताना लाजमी होगा कि यहां पूर्व मे भी कोतवाली टीआई द्वारा छापा मारकर बडी मात्रा मे शराब बनाने का सामान सहित 12 पुरूष व एक महिला को गिरफ्तार किया गया था। इस तरह कोतवाली थानाप्रभारी द्वारा अपने थानाक्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इस बारे में कोतवाली

### दो नाबालिग लड़को को 50 पाव देशी शराब का परिवहन करते पकड़ा

टीआई रामअवतार ध्रुव ने बताया कि करहीचौकी में यह मामला सामने आया हे जिसमे बच्चो को देशी शराब का परिवहन करते पकड़ा गया है। मामले को बाल संरक्षण विभाग के सामने प्रस्तुत किया गया था जिसमें बच्चों के भविष्य को देखते हुए उन्हे समझाईस देकर उनकी मां को सौंपा गया हे वही बच्चे के बयान के आधार पर शराब को उसे देकर भेजने वाले कारोबारी तथा संलिप्त आरोपियो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर तलाश प्रारंभ कर दी गई है फिलहाल आरोपी फरार है जिन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा। साथ ही ग्राम सुढेली से हाथ से बने देशी महुआ शराब बेचते दो युवको को पकड़ा गया है जिनके विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# युवक ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**जनधारा समाचार**

**भिलाई।** कुम्हार पारा संजय नगर सुपेला में शनिवार दोपहर को एक युवक ने खुद को गाली मारकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चला है। सूचना मिलने के बाद मौके पर भिलाई शहर एसपी विजय पांडे क्राइम एसपी विजय अग्रवाल वीरेंद्र सतपथी सीएसपी भावेश साव क्राइम टी आई एव डीएन शुक्ला सुपेला टी आई व पुलिस थानेसहित फोरेंसिक एक्सपर्ट अनुपमा मेश्राम भी पहुंच गए हैं। घटना स्थल को पुलिस ने घेर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक, कुम्हारपारा संजय नगर निवासी धन्नु देशलहरे पिता मूलचंद देशलहरे ने आज दोपहर को अपने कनपटी पर देशी कट्टे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। घटना दोपहर करीब एक बजे की है। धन्नु केटरिंग सर्विस में वेटर का काम करता था और इस प्रकार आत्महत्या क्यों कि इसका सही कारण पता नहीं चला है। जैसे जैसे यह खबर लोगों तक पहुंची

आसपास भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। मृतक के दोस्त मानते हैं कि धन्नु आत्महत्या जैसा कृत्य नहीं कर सकता। मिली जानकारी के मुताबिक धन्नु देशलहरे ने आत्महत्या के लिए जिस कट्टे का इस्तेमाल किया था उसे वह बिहार से खरीदकर लाया था। कुछ दिन पूर्व ही वह बिहार गया था। धन्नू के पिता फेरी का काम करते हैं और फिलहाल वे बाबाधाम गए हुए हैं। बाबाधाम में आज ही के दिन उन्होंने जल चढ़ाया है। मृतक धन्नु का भाई गोलू भी केटरिंग में काम करता है और आज राजनांदगांव गया हुआ था। सूचना मिलते ही वह भी भिलाई पहुंचा। क्राइम ब्रांच एएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि पुलिस इस मामले में सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। प्रथम दृष्टि मे मामला आत्माहत्या जैसे लग रहा है।

# रानी अवंतीबाई लोधी का 187वां जन्म दिवस लोधी समाज ने मनाया

**रायपुर (आरएनएस)।** 16 अगस्त को स्वतंत्रता सेनानी रानी अवंतीबाई लोधी के की 187वां जन्म दिवस मनाया गया इस अवसर पर आरंग लोधी समाज द्वारा विशाल कलश यात्रा निकाली गई यह आयोजन आरंग हरदेव लोधी समाज और लोधी युवा मंच के तत्वाधान में रखा गया था । आरंग में वीरांगना अवंतीबाई लोधी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया इस उत्सव में पूरे लोधी समाज बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे । इस कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ के राज्यपाल बलराम दास टंडन को श्रद्धांजलि अर्पित कर शुरू किया गया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक नवीन मार्कंडेय और विशेष अतिथि के रुप में महासमुंद विधायक विमल चोपड़ा शामिल हुए । विधायक नवीन मार्कंडेय ने लोधी समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा की स्वतंत्रता सेनानी रानी अवंतीबाई लोधी ने देश और समाज के लिए अपना बलिदान दिया जो कि अविस्मरणीय है। उनके बलिदान को समाज और देश भुला नहीं सकता। इस कार्यक्रम में आए विशिष्ट अतिथियों ने समाज के



लोगों तथा युवाओं को संबोधित किया उन्होंने युवाओं को स्वस्थ समाज और समाज उत्थान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जे.एल.कचलरिहा एवं डॉ अशोक वर्मा ने भी अपना विचार रखा। इस दौरान कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सभी सदस्यों के अलावा लोधी युवा मंच के मार्गदर्शक रामकुमार लोधी, सूरज लोधी, तुकेश्वर लोधी, शैलेन्द्र लोधी, शांतिलाल लोधी, वीरू लोधी, यशवंत राजपूत, विजय लोधी, तुलसी लोधी, पूरन लोधी, सोहन लोधी, महेंद्र लोधी, झम्मन लोधी, सुनील लोधी, सौरभ लोधी, जितेंद्र राजपूत, मुकेश लोधी, सावंत लोधी, नरेंद्र लोधी आदि उपस्थित थे।

## शांति सरोवर में गहन योग साधना कार्यक्रम का शुभारंभ

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर में गहन योग साधना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माकुमारी चन्द्रिका दीदी, क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी कमला दीदी, ब्रह्माकुमारी सविता और रीटा बहन ने दीप प्रज्वलित कर किया। अहमदाबाद से पधारी युवा प्रभाग की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ब्रह्माकुमारी चन्द्रिका दीदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दैनिक जीवन में व्यस्तता और तनाव के कारण हम आत्म निरीक्षण करना भूल जाते हैं। आगे बढ़ने के लिए यह जानना जरूरी है कि कौन से संस्कार हमारे मार्ग में विघ्न स्वरूप बन रहे हैं? अपनी कमी और कमजोरियों को दूर करके ही वर्तमान जीवन का आनन्द लिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि योग साधना शिविर में आत्म निरीक्षण कर अपना कल्याण करें क्योंकि आत्म कल्याण के बिना विश्व कल्याण नहीं हो सकता।

चन्द्रिका दीदी ने कहा कि कोई व्यक्ति कितना ही अच्छा भाषण क्यों न कर ले अथवा कितना ही अच्छा उपदेश क्यों न देता हो, उसकी उन्हीं बातों का असर सुनने वालों पर होता है जिन्हें उसने अपने स्वयं के जीवन में उतारा होता है। इसीलिए अपने शब्दों को प्रभावशाली बनाने के लिए अपनी धारणाओं को श्रेष्ठ बनाना होगा। उन्होंने कहा कि भगवान ने इन्सान के रूप में हमें दो प्रमुख शक्तियां समय और संकल्प दी हैं।

# धनोरा में दिव्यांगों के स्वास्थ्य परीक्षण-पंजीयन के लिए शिविर

### 308 दिव्यांगों का किया गया चिन्हांकन

**कोण्डागांव।** जनपद पंचायत केशकाल अन्तर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक छात्रावास धनोरा में दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य परीक्षण प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी कार्ड के पंजीयन हेतु हितग्राहियों का चिन्हांकन शिविर सम्पन्न हुआ। निःशक्तता प्रमाणीकरण शिविर में लक्ष्य से अधिक दिव्यांगों ने अपना पंजीयन करवाया और लगभग उनके परिजनों को मिलाकर 1000 लोग शिविर स्थल में उपस्थित हुए।

उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर नीलकंठ टीकाम के मार्गदर्शन एवं निर्देशानुसार जिले के जनपद पंचायतोंध्नगरीय निकायों के क्षेत्रांतर्गत निवासरत दिव्यांगों हेतु चिन्हांकन शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इस अवसर जिला कलेक्टर नीलकंठ टीकाम ने कहा कि दिव्यांगजन भी समाज के अभिन्न अंग है और समाज में सम्मान पूर्वक जीवन यापन के अधिकारी है। निःशक्तजनों के सामाजिक पुर्नवास और समुदाय में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के हेतु वृहद स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने दिव्यांगजनों से सीधा संवाद करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि प्रशासन उनकी भलाई के लिए प्रतिबद्ध है और सभी दिव्यांगजनों को समुचित परामर्श एवं मार्गदर्शन देने के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं समाज विभाग एवं जनपद पंचायत द्वारा सभी व्यक्तियों के लिये परिवहन सुविधाए मध्यान्ह भोजनए पेयजल इत्यादि व्यवस्था की गई थी। मौके पर कक्षा आठवी में पढ़ने वाले अस्थि बाधित छात्र अरुण मरकाम के सुंदर लेखन को देखकर कलेक्टर नीलकंठ टीकाम ने उसकी विशेष रुप से सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। शिविर में 308 दिव्यांगों का चिन्हांकन 06 निःशक्तजनों को ट्राईसायकलए 10 श्रवण बाधित हितग्राहियों को श्रवण यंत्र तथा 03 व्यक्तियों को बैसाखी दिए गए। इस मौके पर एसडीएम केशकाल धनंजय नेताम सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जीएस सोरी सीईओ जनपद केशकाल आरबी ध्रुव उपसंचालक पंचायत जेपी सिंह स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्रम विभाग अंतर्गत विभिन्न 14 पदों के लिए भर्ती परीक्षा आज

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग के अंतर्गत सहायक श्रम पदाधिकारी, श्रम निरीक्षक और श्रम उप निरीक्षक के 14 पदों पर भर्ती के लिए 19 अगस्त को परीक्षा होने जा रही है। इन पदों के लिए कुल 35,233 आवेदन प्राप्त हुए है। परीक्षा एक पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए प्रदेश के पांच संभाग मुख्यालयों में 88 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। सर्वाधिक परीक्षा केन्द्र 35 बिलासपुर में बनाए गए है। इसके अलावा रायपुर में 28, दुर्ग में 15, अंबिकापुर में 6 और जगदलपुर में 4 केन्द्र है। व्यापमं ने परीक्षा के लिए सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। परीक्षा के प्रवेश पत्र 13 अगस्त को जारी किये गये थे। साथ ही प्रवेश पत्र को व्यापमं की वेबसाइट सीजी व्यापकं डांट चाइस डाट जीओवी डाट इन पर भी डाली गई है।

# आरडीए अध्यक्ष ने वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** तेलीबांधा मरिन ड्राइव में रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव ने भारतीय राजनीति के पुरोधा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के निधन पर शोक व्यक्त कर भावभीनी श्रद्धांजली दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा जिला रायपुर व आम जनों ने मोमबत्ती जलाकर व फूलों से श्रद्धांजलि दी। भाजपा प्रवक्ता श्रीवास्तव ने कहा कि आज हमने एक कुशल संगठक, प्रखर वक्ता, लेखक, कवि के साथ-साथ महान राष्ट्रवादी विचारक को खोया है जिनकी कमी हम सब को हमेशा रहेगी। अटल जी वो महान व्यक्ति थे जिन्होने जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी के स्थापना के साथ

विकास और विस्तार में अहम योगदान दी। अटल बिहारी वाजपेयी जी हम सब के स्मृति में एक कुशल नेतृत्वकर्ता एवं मार्गदर्शक के रूप में हमेशा याद रहेंगे। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी का जीवन ही मानव कल्याण को समर्पित रहा, सामाजिक जीवन में समग्रता के प्रतीक थे अटल जी न केवल राष्ट्रवादी चिंतक के रूप में बल्की उन्होंने समाज कल्याण के अनेक प्रेरणादायी कविताएं लिखी जो मानव समाज के लिए प्रेरक का काम करेगी । अटल जी कहते थे कि व्यक्तित्व का विकास हो और वह ऊंचाई को प्राप्त करें परन्तु मानव मात्र में समानता का भाव रखे और सबको साथ ले के कर चले जिससे व्यक्तित्व को अर्थ और जीवन का सफल बना सके, जिसमें विशेष रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सलीम राज जी, जिला अध्यक्ष माननीय ई.मखमूर इकबाल खान जी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अजय साहू, हामिद मंसूरीॉ, रशमीत खुराना, भूपेन्दर मक्कड़, हरपाल भामरा, गुरमीत सिंह, गुलाम फिरोज, सौरव आशीष दास, देव, फैजल खान, रितेसहारे, अमरजीत छाबड़ा, सुनील चैधरी आदि उपस्थित थे।

# खुलेआम शराबखोरी करते 18 किए गए गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी में खुलेआम शराबखोरी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में कल 18 मदिराप्रेमियों को गिरफ्तार किया गया है। आजाद चौक थाना पुलिस ने अपने इलाके से आरोपी अभिशेक संघाई पिता नटवर लाल उम्र 32 साल निवासी लक्ष्मीनगर, आरोपी सन्नी ठाकुर पिता अभय सिंह ठाकुर उम्र 26 साल निवासी संतोषीनगर को ईदगाहभाठा मैदान में, थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी प्रकाश साहु पिता स्व.दीनाराम साहु उम्र 30 साल निवासी इमलीडीह को भाठागांव आच्छी तलाब के पास, आरोपी संतोश पिता अर्जून दास उम्र 46 साल निवासी महात्मा गांधी नगर न्यू राजेंद्रनगर को आच्छी तालाब के पास, आरोपी अजीत सोनी पिता राहुल सोनी उम्र 46 साल निवासी इमलीडीह न्यू राजेंद्रनगर को भाठागांव स्थित आच्छी तालाब के पास शराब पीते हुए पकड़ा है। इसी तरह सरस्वती नगर थाना पुलिस ने आरोपी मनीष सिंह पिता अजनी सिंह उम्र 19 साल निवासी बिजली आफिस के पास टाटीबंद आमानाका को पीकाडिली होटल के पीछे शराब पीते हुए पकड़ा। पंडरी थाना पुलिस ने आरोपी अश्वनी वर्मा निवासी दलदल सिवनी मोवा, आरोपी शंकर विभार पिता विप्र विहार उम्र निवासी ज्योति नगर कोटा, आरोपी मनीराम पिता खुमान सिंह चंद्राकर निवासी दलदल सिवनी, आरोपी अमित कुमार पिता चंद्रीका प्रसाद वर्मा उम्र 33 साल निवासी दलदल सिवनी, आरोपी अमित कुमार पिता चंद्रीका प्रसाद वर्मा उम्र 33 साल निवासी दलदल सिवनी को मोवा शराब दुकान के पास, राजेंद्र नगर थाना पुलिस ने आरोपी नरेश बघेल को पकड़ा है।

## युवक की मोटर साइकिल पार

**रायपुर।** संगम बार टिकरापारा के सामने खड़ी बाइक अज्ञात चोर ने पार कर दिया है। प्रार्थी अमीत शर्मा पिता सिद्धेश शर्मा 27 वर्ष निवासी संगम बार के पास सिदार्थ चौक ने शिकायत दर्ज कराया कि कल शाम वह अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04-एचडब्लू/5305 है।

## 'भूल सुधार'

दिनांक 11 अगस्त के अंक में नगर निगम रायगढ़ के निविदा आमंत्रण क्रमांक 1582 में कार्य क्रमांक 2 में भूल वश वार्ड क्रमांक 35 प्रकाशित हो गया है, उसे वार्ड क्रमांक 33 पढ़ा जावे।